प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानसभा में हंगामे के बीच पारित हुआ अनुपूरक बजट : सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सुशासन सप्ताह का किया शुभारम्भ : कहा– सुशासन के प्रतीक है अटल जी।
3. पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन में उत्तर प्रदेश ने देश में हासिल किया तीसरा स्थान : अब तक 18 लाख से अधिक लोगों ने कराया पंजीकरण।

और

4. रेलवे अगले महीने प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के मद्देनजर चलाएगा 34 विशेष रेलगाडियां।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल शीतकालीन सत्र के दौरान आज विधानसभा में वित्तोय वर्ष 2024 –25 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पारित हो गया। इससे पहले विधानसभा में आज की कारवाई शुरू होते ही समाजवादी पार्टी के विधायक बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर वेल में पहुंच गए। हंगामे के बीच विधानसभा के सभी

विधायी कार्य निपटाए गए और अनुपूरक बजट पास करने के साथ ही विधान सभा अध्यक्ष ने सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। सपा विधायकों के हंगामे पर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि डॉ आम्बेडकर के नाम पर सपा और कांग्रेस सिर्फ राजनीति कर रही हैं। बाइट....

*विपक्ष और खासतौर पर समाजवादी पार्टी ने हंगामा किया। आज बाबा साहब अम्बेडकर जी की नारे लगा रहे थे। यहां भी इनकी अराजकता दिखी तो बाबा साहब का सम्मान इस तरह से नहीं हो सकता। बाबा साहब का सम्मान भारतीय जनता पार्टी सदैव किया और इन लोगों ने हंगामा करके फिर से एकबार प्रदर्शित किया है।*

विधानसभा की कारवाई के दौरान आज संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में सीएजी रिपोर्ट पेश की। साथ ही उन्होंने विपक्ष के हंगामे के बीच महाकुंभ की तैयारियों के बारे में जानकारी दी और कहा कि महाकुंभ दुनिया का एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है। बाइट......

*कुंभ दुनिया का एक बड़ा इंवेंट है और इन लोगों ने भी मांग की थी कि कुंभ के ऊपर चर्चा कराई जाये। आज सरकार तैयार है कुंभ जैसा आयोजन पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता। 40 करोड़ लोगों के कुंभ में आने की संभावना है। 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक 45 दिनों तक कुंभ का आयोजन होगा। दुनिया के दूसरे देशों के लोग, पूरे देश के लोग इसमें पार्टीसिपेट करेंगे आज उस जैसा महत्वपूर्ण विषय पर लोग चर्चा से भाग रहे हैं।*

भाजपा नेता सिद्धार्थनाथ सिंह ने सदन में सभी को महाकुम्भ में आने के लिए आमंत्रित किया। उधर, विधान परिषद में भी आज अनुपूरक बजट पास होने के साथ ही

सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। विधान परिषद में आज उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय संशोधन और उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग संशोधन विधेयक समेत 12 विधेयक पारित किए गए।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के व्यक्तित्व और कार्यों से संबंधित प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। प्रदेश सरकार श्री बाजपेयी के जन्म दिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मना रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी सुशासन के प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री बाजपेयी ने देश के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। बाइट......

*सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना देश के अंदर अन्त्योदय की योजना हर गरीब को, हर वंचित को उसका अधिकार मिले। इसको लेकर के अन्त्योदय कार्ड की योजना, राशन की सुविधा उपलब्ध कराने की कार्यवाही रही हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य रहा हो, अनुसूचित जाति, जनजाति या पिछड़ेवर्ग को उनके अधिकार दिलाने की कार्यवाही को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का रहा है या वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर देश के अन्दर होना चाहिये। स्वर्णिम चतुभुर्ज और विश्वस्तरीय हाई वे ये अटल जी की देन है।*

श्री योगी ने कहा कि सुशासन सप्ताह के तहत प्रदेश भर में 25 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया

जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के 100वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ये आयोजन पूरे साल जारी रहेंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय, संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज मिर्ज़ापुर के बरहीग्राम सभा में ग्रीन आर्मी ग्रुप की महिलाओं के कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ग्रीनआर्मी की महिलाओं की सराहना की और प्रशासन से उनकी मुहिम को सहयोग करने की अपील की।

बाइट.....

*ग्रीन आर्मी की महिलाओं को अभिनंदन करने के लिये आई हूं जिन्होंने ये प्रयास शुरू यिा, दारू छुड़वाने का प्रयास शुरू किया और बच्चों की पढ़ाई हो, इसके लिये प्रयास आरम्भ किया और हमें इसमें सहयोगी बनना है। सरकार भी सरयोगी बने और उनकी जो ताकत है, ताकत का उपयोग करें, मार्गदर्शन करे।*

कार्यक्रम में राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओ से संवाद भी किया। मिर्ज़ापुर में नशा मुक्ति और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही ग्रीन आर्मी की सदस्य शशिलता ने बताया कि उनकी इस मुहिम से महिलाओं के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है। बाइट....

*ग्रीन आर्मी से बहुत बदलाव आया है। महिलाएं जागरूक हुई है, आत्मनिर्भर हुई है। यहा ं पर 5 सौ महिलाएं है, जो महिलाएं कार्य करना चाहती है उनको सिलाई मशीन दिया जाता है, बच्चियों को पढ़ने के लिये साइकिल वितरण किया जाता है। बहुत सारा बदलाव आया है और हम ये*

*जानते है कि हमारा ये मिशन है कि नारियों अपने को जागो और अपनो को पहचानो ये हमारे कारण।*

इससे पहले राज्यपाल ने सोनभद्र के बनवासो कल्याण आश्रम से संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम में बनवासी बच्चों के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। साथ ही सोनभद्र में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मृत्यु दर कम करने और आयुष्मान कार्ड, शिश, मृत्युदर में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिये।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

वाराणसी के दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को अपग्रेड करके 430 बेड का अस्पताल बनाने के साथ चिकित्सा महाविद्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए आज

उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग और दमानी ग्रुप के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस समझौते से प्रदेश स्वास्थ्य के क्षेत्र में और मज़बूत बनेगा।

————————

पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर रूफटॉप इंस्टालेशन में उत्तर प्रदेश, देशभर में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में 32 हजार से अधिक सोलर रूफटॉप पैनल लगाए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में 25 लाख सोलर रूफटॉप पैनल लगाने का है। पेश है एक रिपोर्ट......

प्रदेश में सोलर रूफटॉप पैनल के लिए अब तक 18 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जिनमें से 32 हजार से अधिक घरों में पैनल का इंस्टालेशन भी पूरा कर लिया गया है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत 1 किलोवॉट क्षमता के पैनल के लिए केंद्र सरकार 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार 15 हजार रुपए की *सब्सिडी देती है। इसी तरह 2 किलोवॉट के कुल 90 हजार रुपए और 3 किलोवॉट या उससे ऊपर के पैनल के लिए कुल 1 लाख 8 हजार रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

————————

मध्य रेलवे ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए 34 विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। ये विशेष रेलगाड़ियाँ मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की बुकिंग 20 दिसंबर से शुरू होगी। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी।

——————————

महाकुम्भ में साइबर सिक्योरिटी की ज़िम्मेदारी आईआईटी कानपुर को सौंपी गई है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर मणिंद्र अग्रवाल ने बताया कि विशेषज्ञों की यह टीम एआई सहित अन्य माध्यमों से साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के साथ फ़र्ज़ी वेबसाइट बनाकर श्रद्धालुओं को ठगने वालों पर भी लगाम लगाएगी। बाइट......

*कुंभ मेले में इस बार आईआईटी कानपुर कई प्रकार से सहयोग कर रहा है, उनमें से एक है साइबर सिक्योरिटी के तरफ से जो–जो समस्याएं आ सकती है उनका कैसे समाधान किया जाये। उदाहरण के तौर पर कई सारी फेक वेबसाइट बन गई है, जो कि बता रही है हम आपके रहने की व्यवस्था कर देंगे, पैसे जमा कर दीजिये जबकि वास्तव में कुछ है नहीं। ऐसे वेबसाइट को ढूढ़ कर उनको आइडेंटी फाई करना उनको बंद करना।*

(समाप्त)